Title : Need to provide stoppage to Mumbai-bound express trains at Barsati Railway Station in Machhlishahr Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री तूफ़ानी सरोज (मछलीशहर): आपके माध्यम से मैं रेल मंत्री जी का ध्यान ट्रेन नं.- 1055/1056, लोकमान्य तिलक (टी) गोरखपुर गोदान एक्सप्रेस तथा ट्रेन नं.- 1059/1060 लोकमान्य तिलक (टी) छपरा गोदान एक्सप्रेस की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। इन ट्रेनों का ठहराव जौनपुर-इलाहाबाद रेल मार्ग पर स्थित बरसटी स्टेशन पर नहीं होता है। बरसटी रेलवे स्टेशन के आसपास के लोग बहुत बड़ी संख्या में मुम्बई में रहते हैं और उनका आना-जाना हमेशा बना रहता है। उपरोक्त ट्रेनों का ठहराव बरसटी में नहीं होने के कारण लोगों को जंघई और मड़ियाहूं जाना पड़ता है जो काफी दूर है। क्षेत्रीय जनता काफी लंबे अरसे से बरसटी रेलवे स्टेशन पर इन ट्रेनों के ठहराव की मांग करती आ रही है।

अतः आपके माध्यम से रेल मंत्री से हमारी मांग है कि वह ट्रेन नं. 1055/1056 तथा ठहराव, बरसटी रेलवे स्टेशन पर करने की व्यवस्था करें ताकि आने-जाने वाले लोगों के साथ-साथ अन्य यात्रियों को भी ट्रेन पकड़ने में सुविधा हो सके।